एपेक्स प्रांगण में पूजा–अर्चना संग मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव

दैनिक भास्कर
epaper.dainikbhaskarup.com
23 Jan 2024 - DB Lucknow 23 Jan 20248

एपेक्स प्रांगण में मनाया प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव

एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एवं इंस्टिट्यूट प्रांगण में एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित आयुर्वेद, फार्मेसी, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षण संस्थानों के छात्रों, फैकल्टी एवं चिकित्सक गणों ने प्रांगण में निर्माणाधीन देवाधिदेव मंदिर स्थल पर पूजा-अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन एवं एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर पूर्ण हर्षोल्लास के साथ प्राण-प्रतिष्ठा राम-उत्सव मनाया। एपेक्स के निदेशक डॉ स्वरूप पटेल ने दीप-प्रज्ज्वलन द्वारा राम उत्सव का शंखनाद किया। इस अवसर पर एपेक्स ट्रस्ट ऑडीटोरियम में मरीजों, उनके परिजनों, छात्रों एवं स्टाफ के लिए अयोध्या में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का जीवंत प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर किया गया। समस्त प्रत्यक्ष दर्शी राम-लला के दर्शन कर भक्ति भाव से आत्म-विभोर हो उठे।